2438

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रीवा (म0प्र0)

//विविध–आदेश//

(कार्य–विभाजन में संशोधन क्र0–3)

क्रमांक......85........../ रीवा, दिनांक 23/जून/2023
दो–1–1/2000

माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की अधिसूचना क्रमांक 4134/तीन–10–42/75 जबलपुर दिनांक 22 जून 2023 के द्वारा श्री सचिन साहू पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा को 15 दिवस श्रृंखला न्यायालय मनगवॉ में कार्य करने हेतु अधिसूचित किये जाने के फलस्वरूप मध्यप्रदेश व्यवहार न्यायालय अधिनियम 1958 की धारा–15 व 21 (4) तथा मध्यप्रदेश सिविल न्यायालय (संशोधन) अधिनियम 2011 के परिप्रेक्ष्य में एवं दण्ड प्रकिया संहिता की धारा–10 की उपधारा–2 एवं 3 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये पूर्व में प्रसारित सिविल एवं आपराधिक कार्य विभाजन आदेश क्रमांक 216/दो–1–1/2000 दिनांक 17.05.2023 को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है, यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा :–

01. सरल कमांक–23 लंगायत 28 के स्तम्भ क्रमांक–3 में लिखी इबारत **"सिविल जिला रीवा की तहसील मनगवां"** को पूर्णतः विलोपित किया जाता है

02. सरल कमांक 58 को निम्नानुसार स्थापित किया जाता है :–

क.	न्यायालय का प्रकार	प्रादेशिक अधिकार	वादों का प्रकार
58	व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मनगवां, जिला–रीवा (म0प्र0) (श्रृंखला न्यायालय)	सिविल जिला रीवा की तहसील मनगवा एवं राजस्व सर्किल गढ़	1– प्रधान जिला न्यायाधीश रीवा द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण व उनसे उद्भूत होने वाले निष्पादन एवं विविध प्रकरण। 2– रूपये 01 करोड़ से अनाधिक मूल्य के सभी प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण व उनसे उद्भत होने वाले निष्पादन व विविध प्रकरण। 3. रूपये पांच सौ से अनाधिक मूल्य तक के लघु वाद स्वरूप के प्रकरण व उनसे उत्पन्न निष्पादन व विविध प्रकरण (धारा 9 द्वारा अधिकृत) 4. भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम भाग 10 के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले सभी प्रकार के प्रकरण व आवेदन पत्र।

4. परिशिष्ट–अ की कंडिका 52 को विलोपित किया जाता है।

5. परिशिष्ट–अ की कंडिका 52 को निम्नानुसार पढ़ा जावे :–

क्र0	न्यायालय का नाम	अनुपस्थिति में जो कार्य देखेगें
52	व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मनगवां (श्रृंखला न्यायालय)	1. पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा 2. द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा

शेष आदेश यथावत रहेगा।

(सुबोध कुमार जैन)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
रीवा (म0प्र0)

2438

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रीवा (म0प्र0)

पृष्ठांकन कमांक 2509 /   रीवा, दिनांक 25/06/2022
दो–1–1/2000

प्रतिलिपिः–

1. सिविल जिला रीवा की समस्त न्यायालय रीवा।
2. अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ रीवा/मनगवां।
3. प्रस्तुतकार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीवा म0प्र0।
4. फाईलिंग काउंटर के समस्त कर्मचारी रीवा/मनगवां।

   की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5. जू0सि0ए0/डी.एस.ए., कम्प्यूटर अनुभाग रीवा की ओर वेबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
रीवा (म0प्र0)